राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

चतुर्थ तल , ब्लॉक–5, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नः 0141– 2715565 Email ID- rajsmsa.asfe@rajasthan.gov.in

क्रमांक – रास्कूशिप / जय / वैशि–औशि / F-31B / 2020–21 / 19566 दिनांक : 23 / 2 / 2021

1. **निदेशक, माध्यमिक/ प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।**
2. **निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर।**
3. **समस्त जिला कलेक्टर्स।**
4. **समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्।**
5. **संयुक्त निदेशक, समस्त संभाग।**
6. **मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।**
7. **जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।**
8. **अति0 जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले।**

विषयः– ड्रॉप आउट फ्री उजियारी पंचायत 2020–21 के आवेदन, भौतिक सत्यापन, घोषणा पत्र, सम्मान एवं स्मृति चिन्ह वितरण के संबंध में।

संदर्भः– परिषद कार्यालय का पत्रांक रास्कूशिप/जय/वै एवं औशि/2020–21/15633 दिनांक 06.10.2020।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान ऐसी पंचायत जहां अनामांकित एवं ड्रॉप आउट बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन किया जा चुका है। ऐसी पंचायतों को उजियारी पंचायत घोषित करने के लिए परिषद से जारी दिशा–निर्देशों के साथ कोविड–19 की वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुये आवेदन, भौतिक सत्यापन, घोषणा एवं सम्मान प्रक्रिया को तिथिबद्ध न करते हुये संदर्भित पत्रानुसार सतत् प्रक्रिया अपनाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उजियारी पंचायत की आवेदन, भौतिक सत्यापन, घोषणा पत्र एवं स्मृति चिन्ह के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही की जानी हैः–

1. सत्र 2020–21 के लिए शालादर्पण पोर्टल पर उजियारी पंचायत के लिए चयनित की गयी उजियारी पंचायतों की संदर्भित पत्रानुसार सतत् कार्यो की, की जा रही प्रविष्टि की तिथि 28 फरवरी, 2021 तक निर्धारित की जाती है। दिनांक 01 मार्च, 2021 से पोर्टल पर प्रविष्टि को बन्द कर दिया जायेगा।
2. सत्र 2020–21 के लिए शालादर्पण पोर्टल पर दिनांक 28 फरवरी, 2021 तक प्रविष्ट की गयी चयनित उजियारी पंचायतों को घोषणा पत्र व स्मृति चिन्ह वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 01 मार्च, 2021 से 15 मार्च, 2021 तक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थानीय व्यवस्था / सुविधानुसार किया जाये। **(उजियारी पंचायत हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन कार्मिकों को उत्कृष्ट कार्मिक सम्मान 2020–21 प्रमाण–पत्र एवं स्मृति चिन्ह जिला स्तर पर एवं ड्रॉप आउट फ्री उजियारी पंचायत के पीईईओ एवं सरपंच को संयुक्त रूप से ब्लॉक स्तरीय**

कार्यक्रम में दिया जाये) तीन कार्मिकों को चयन करने का दायित्व निम्नलिखित समिति द्वारा किया जाये :-

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी	अध्यक्ष
जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक	सदस्य
जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक	सदस्य
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक	सदस्य सचिव

3. सत्र 2020–21 में शिक्षक सम्मान हेतु जारी राशि की जिला मुख्यालयों / संभाग पर रखी अधिशेष राशि एवं जनसहभागिता के सहयोग / जिले कार्यालय की एमएमईआर मद की राशि से उजियारी पंचायत सम्मान कार्यक्रम घोषणा पत्र व स्मृति चिन्ह वितरण कार्य किया जाये।

संलग्नः– 1. **उजियारी पंचायत प्रमाण–पत्र 2020–21 का प्रारूप**

2. उत्कृष्ट कार्मिक सम्मान प्रमाण–पत्र 2020–21 का प्रारूप

Bollo

(डॉ0 भंवर लाल)
आयुक्त एवं राज्य परि0 निदेशक

क्रमांक – रास्कूशिप/जय/वैशि–औशि/F-31B/2020–21/19566 दिनांक :23/2/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (I व II), रास्कूशिप, जयपुर।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर उजियारी पंचायत कार्यक्रम को सफल बनायें।
5. रक्षित प्रति।

अतिरिक्त राज्य परि0 निदेशक

प्रमाण–पत्र

उजियारी पंचायत 2020–21

<u>अनामांकित/ड्रॉप आउट फ्री ग्राम पंचायत</u>

प्रमाणित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ....में कोई भी बालक–बालिका जो 3 से 18 वर्ष की उम्र का है शिक्षा से वंचित नहीं है। और न ही कोई बालक–बालिका अनामांकित/ड्रॉप आउट है।

पंचायत से प्राप्त घोषणा पत्र एवं जाँच समितियों की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत.................................. ब्लॉक.......................... ....जिला... को शैक्षिक सत्र ....के लिये अनामांकित/ड्रॉप आउट फ्री पंचायत ''उजियारी पंचायत'' घोषित किया जाता है।

यह प्रमाण पत्र आज दिनांक...................................को जारी किया जाता है।

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट

जिला..

प्रमाण–पत्र

उजियारी पंचायत

<u>उत्कृष्ट कार्मिक सम्मान 2020–21</u>

प्रमाणित किया जाता है कि श्री .... पद ....

.... पदस्थापनस्थान ....

.... द्वारा शैक्षिक सत्र .... में अनामांकित/ ड्रॉप आउट फ्री पंचायत **''उजियारी पंचायत योजना''** अन्तर्गत जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया गया। इन्हें **''उत्कृष्ट कार्मिक सम्मान''** से सम्मानित किया जाता है।

यह प्रमाण–पत्र आज दिनांक .... को जारी किया गया जाता है।

जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट

जिला ....